दैनिक
# पंचकूला ऑब्जर्वर

सच के साथ, समाज के साथ





**सुविचार**

हमारी सबसे बड़ी चिंता असफलता की नहीं बल्कि जीवन में उन चीजों में सफल होने की होनी चाहिए जिनका वास्तव में कोई महत्व नहीं है।


वर्ष : 1 | अंक : 15 | पंचकूला। गुरुवार, 19 फरवरी 2026 | www.panchkulaobserver.com | मूल्य : 3 रुपए | RNI No. : HRBIL/25/4317 | पृष्ठ : 4


## एक नजर

### 45 एचपी व अधिक क्षमता के ट्रैक्टर का 20 फरवरी को ऑनलाईन ड्रॉ

**पंचकूला, 18 फरवरी।** सहायक कृषि अभियन्ता, पंचकूला ओमप्रकाश महिवाल ने बताया कि कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, हरियाणा, पंचकूला द्वारा वर्ष 2025-26 के दौरान जिलें के अनुसूचित जाति के किसानों के लिए 45 एचपी व अधिक क्षमता के ट्रैक्टर पर किसानों को 50 प्रतिशत अनुदान पर अधिकतम 3 लाख रूपये अनुदान देने के लिए जिला पंचकूला में आवेदन आमत्रित किए गए थें। इसमें 48 अनुसूचित जाति के किसानों ने अनुदान राशि लेने के लिए आवेदन किया है। जिले में 4 किसानों को अनुदान पर ट्रैक्टर उपलब्ध करवाए जाएंगे। उन्होने बताया कि अतिरिक्त उपायुक्त के निर्देशानुसार लाभार्थियो के चयन हेतु ऑनलाईन ड्रॉ 20 फरवरी को दोपहर 12ः30 बजे उपायुक्त पंचकूला के कांफ्रेंस हाल में होगा।

# ऐतिहासिक : मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने लाखों को दिलाया मालिकाना हक : भारत हितैषी

पंचकूला ऑब्जर्वर संवाददाता

**पंचकूला।** नगर निगम के वार्ड नंबर 4 निवासी और हितैषी फाउंडेशन के चेयरमैन भारत हितैषी ने प्रदेश सरकार द्वारा शहरी क्षेत्रों में लाल डोरा के तहत रहने वाले लोगों को संपत्तियों का मालिकाना हक देने के फैसले का स्वागत करते हुए इसे ऐतिहासिक कदम बताया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की सोच स्पष्ट है कि प्रदेश के गरीब से गरीब व्यक्ति का भला कैसे हो और उन्हें उनके अधिकार कैसे दिलाए जाएं। वर्षों से लंबित इस मांग को पूरा कर सरकार ने आम नागरिकों को बड़ी राहत दी है।



भारत हितैषी ने कहा कि शहरी क्षेत्रों में लंबे समय से लोग अपनी संपत्तियों के मालिकाना हक के लिए संघर्ष कर रहे थे। लाल डोरा के अंदर रहने वाले हजारों परिवारों के पास संपत्ति तो थी, लेकिन उनके नाम पर वैध रिकॉर्ड नहीं होने के कारण वे कानूनी रूप से मालिक नहीं माने जाते थे। इस कारण कई मामलों में विवाद उत्पन्न होते थे और अनेक केस वर्षों तक अदालतों में लंबित रहते थे। लोगों में यह भय बना रहता था कि कहीं उन्हें उनकी ही संपत्ति से बेदखल न कर दिया जाए।

उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार ने सेल्फ सर्टिफिकेशन की प्रक्रिया लागू कर पात्र लोगों को तुरंत रजिस्ट्री करवाने की सुविधा दी है। इससे न केवल लोगों को कानूनी सुरक्षा मिली है, बल्कि वे अब अपनी संपत्ति को बेचने, खरीदने या उस पर बैंक से ऋण लेने में भी सक्षम होंगे। पहले संपत्ति होने के बावजूद लोग न तो उसे बेच सकते थे और न ही उस पर कोई लोन ले सकते थे, जिससे उनका आर्थिक विकास बाधित होता था। भारत हितैषी ने बताया कि वर्ष 2019 के चुनाव के दौरान किए गए वादे को पूरा करते हुए सरकार ने अब तक लगभग 5000 लोगों को मालिकाना हक प्रदान किया है। प्रदेश भर में लाल डोरा के अंतर्गत स्थित संपत्तियों में से करीब दो लाख नागरिकों को इस योजना का लाभ मिला है। अब उनकी संपत्ति से उन्हें कोई नहीं हटा सकता और वे पूर्ण अधिकार के साथ अपने घर और दुकानों के स्वामी बन चुके हैं।

उन्होंने कहा कि व्यापारी वर्ग के लिए संपत्ति केवल रोजगार का साधन नहीं, बल्कि उनकी प्रतिष्ठा और आत्मसम्मान का प्रतीक होती है। एक व्यापारी को अपना व्यापार स्थापित करने में वर्षों की मेहनत लगती है और उसकी सबसे बड़ी इच्छा होती है कि उसकी अपनी दुकान हो। अब जो व्यापारी 20 वर्षों से अधिक समय से किराए पर दुकान चला रहे थे, वे कलेक्टर रेट पर उस संपत्ति को अपने नाम करवा सकेंगे। इससे व्यापारियों को स्थायित्व और सुरक्षा दोनों मिलेंगे। भारत हितैषी ने कहा कि वर्ष 2014 से पहले प्रदेश में विकास की रफ्तार उतनी स्पष्ट नहीं दिखती थी, लेकिन आज केंद्र में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर नई ऊंचाइयों को छू रहा है। केंद्र और राज्य सरकार मिलकर आमजन के जीवन को सरल बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। आयुष्मान कार्ड और चिरायु कार्ड जैसी योजनाओं के माध्यम से पांच लाख रुपये तक के स्वास्थ्य कवर का लाभ गरीब परिवारों को मिल रहा है। हरियाणा में 1 करोड़ 25 लाख से अधिक पात्र लोग इन योजनाओं से जुड़कर लाभान्वित हो रहे हैं।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह केवल घोषणाएं नहीं करते, बल्कि उन्हें जमीन पर लागू भी करवाते हैं।

## नशे के लिए करता रहा चोरियां, सिर्फ जानकारों को बेचे, 11 वाहन बरामद

पंचकूला ऑब्जर्वर संवाददाता

**पंचकूला।** खरड़ जेल से बाहर आने के बाद शातिर चोर नशे की लत को मिटने के लिए वाहन चोरी करने लगा। लांडरां इलाका छोड़ कर पंचकूला में वारदातों को अंजाम दे ही रहा था कि आरोपी पुलिस के हत्थे च? गया। क्राइम ब्रांच सैक्टर-26 की टीम ने इंचार्ज इंस्पेक्टर दलीप सिंह के नेतृत्व में चोरी की वारदातों पर प्रभावी कार्रवाई करते हुए एक शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की। आरोपी की निशानदेही पर कुल 11 चोरीशुदा वाहन (9 मोटरसाइकिल व 2 एक्टिवा) बरामद किए गए हैं।

जानकारी के अनुसार 17 फरवरी को पुलिस टीम गश्त के दौरान रामगढ़ क्षेत्र में मौजूद थी, तभी सूचना मिली कि एक व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में मोटरसाइकिल लेकर घूम रहा है। पुलिस ने



तत्परता से कार्रवाई करते हुए गुरसेवक सिंह पुत्र शमशेर सिंह, निवासी फरीदकोट (पंजाब), हाल निवासी फुनी माजरा (लांडरा),पंजाब को चोरी की मोटरसाइकिल सहित काबू किया।

पूछताछ के दौरान आरोपी से चोरी के अन्य वाहनों की भी जानकारी मिली जो उसने अलग-अलग स्थानों पर छिपा रखे थे। आरोपी की निशानदेही पर कुल 9 मोटरसाइकिल व 2 एक्टिवा बरामद की गई, जिन्हें केस प्रॉपर्टी के रूप में थाना में जमा कराया गया।

## चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट अजय कुमार घनघस ने आशियाना सीसीआई का किया औचक निरीक्षण

- सीसीआई में साफ-सफाई, स्वच्छता मानकों और बच्चों के लिए उपलब्ध सुविधाओं का लिया जायजा

पंचकूला ऑब्जर्वर संवाददाता



**पंचकूला।** चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट अजय कुमार घनघस ने आज आशियाना चाइल्ड केयर इंस्टीट्यूशन (सीसीआई), सेक्टर-15, पंचकूला का औचक निरीक्षण किया। इस निरीक्षण का उद्देश्य वहां रह रहे बच्चों के आवासीय हालात और उपलब्ध सुविधाओं की समीक्षा करना था। यह निरीक्षण उनके निरंतर प्रयासों का हिस्सा है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि चाइल्ड केयर इंस्टीट्यूशन निर्धारित नियमों के अनुसार कार्य कर रहे हैं और बच्चों को सुरक्षित, स्वस्थ एवं सहयोगात्मक वातावरण मिल रहा है।

अजय घनघस ने संस्थान में डॉरमेट्री, कॉमन एरिया, किचन और मनोरंजन स्थलों का निरीक्षण किया। उन्होंने साफ-सफाई, स्वच्छता मानकों और बच्चों के लिए उपलब्ध स्थान का जायजा लिया। किचन के निरीक्षण के दौरान उन्होंने भोजन की गुणवत्ता और व्यवस्था की समीक्षा की तथा बच्चों के हित में उचित स्वच्छता और पोषण मानकों को बनाए रखने पर जोर दिया। उन्होंने सीसीआई में रखे रजिस्टर और रिकॉर्ड की भी जांच की, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि प्रवेश, स्वास्थ्य, आहार, शिक्षा और अन्य कल्याणकारी गतिविधियों से संबंधित दस्तावेज सुव्यवस्थित रूप से संधारित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी चाइल्ड केयर इंस्टीट्यूशन के सुचारू संचालन के लिए पारदर्शिता और जवाबदेही अत्यंत आवश्यक है, जिसके लिए सही रिकॉर्ड रखना जरूरी है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सीसीआई में रह रही बालिकाओं से संवाद भी किया। चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट ने उनका उत्साहवर्धन किया और दैनिक दिनचर्या, पढ़ाई तथा मनोरंजन गतिविधियों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने बच्चों से खेले जाने वाले खेलों के बारे में पूछा तथा यह जाना कि उनके पास पर्याप्त खेल सामग्री उपलब्ध है या नहीं। उन्होंने अधीक्षक को सलाह दी कि बच्चों के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को प्रोत्साहित करने के लिए इनडोर और आउटडोर खेलों की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

## जिला नगर योजनाकार की टीम ने अर्बन एरिया में की कार्रवाई

## गांव रायपुररानी में 2 अवैध कॉलोनियों में तोड़-फोड़ की और 2 डीपीसी एवं सड़क नेटवर्क को जेसीबी द्वारा धवस्त किया

पंचकूला ऑब्जर्वर संवाददाता

**पंचकूला, 18 फरवरी।** उपायुक्त श्री सतपाल शर्मा के मार्गदर्शन में डीटीपी श्रीमती बबीता गुप्ता के नेतृत्व में जिला नगर योजनाकार, पंचकूला की टीम द्वारा अर्बन एरिया पंचकूला में ब?ी कार्यवाही की गई। इस कार्यवाही में गांव रायपुररानी में 2 अवैध कॉलोनियों में तो?-फो? की गई जिनका एरिया लगभग 1.75 एकड है। इसमें 2 डीपीसी व स?क नेटवर्क को जेसीबी द्वारा धवस्त किया गया।



उक्त कार्यवाही ड्यूटी मैजिस्ट्रेट, श्री नरेन्द्र कुमार, एसडीई, पंचायती राज, पंचकूला, श्री अशोक कुमार, सहायक नगर योजनाकर, पंचकूला और श्री डिम्पी राठी, सहायक नगर योजनाकार, पचंकूला एवं भारी पुलिस बल की उपस्थिति में संपन्न हुई। जानकारी देते हुए डीटीपी श्रीमती बबीता गुप्ता ने बताया कि कोई भी निर्माण या कॉलोनी विकसित करने से पहले निदेशक, नगर तथा ग्राम आयोजना विभाग हरियाणा से अनुमति प्राप्त किया जाना अनिवार्य है। यदि कोई व्यक्ति बिना अनुमति से किसी प्रकार का अवैध निर्माण या कॉलोनी विकसित करता पाया गया तो उसके विरूद्ध सख्त कानूनी कार्यवाही जारी रखी जाऐगी। उन्होंने आम जनता से अनुरोध करते हुए कहा कि विभाग से सीएलयु/लाईसेंस की अनुमति लिए बिना कोई भी निर्माण व अनाधिकृत कॉलोनी विकसित न करें।

## हरियाणा सरकार खेल प्रतिभाओं को दे रही नई उड़ान : कुलभूषण गोयल

पंचकूला ऑब्जर्वर संवाददाता

**पंचकूला।** पंचकूला के पूर्व महापौर कुलभूषण गोयल ने कहा है कि हरियाणा सरकार प्रदेश में खेल संस्कृति को मजबूत करने और खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने के लिए लगातार प्रयासरत है। राज्य में खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आधुनिक खेल अवसंरचना, उच्च स्तरीय प्रशिक्षण सुविधाएं और आकर्षक प्रोत्साहन योजनाएं लागू की जा रही हैं। सेक्टर-2 में तीजमाल क्रिकेट टूर्नामेंट के आयोजक विपिन लिड्?डू एवं पंकज लिड्?डू ने उन्हें 24 फरवरी को ताऊ देवीलाल खेल स्टेडियम में होने वाले फाइनल मैच का निमंत्रण दिया। विपिन लिड्?डू के साथ निर्मल चंद धीमान एवं रंजीता सिंह भी थे। कुलभूषण गोयल ने उनके प्रयासों की सराहना की। कुलभूषण गोयल ने कहा कि सरकार द्वारा खिलाड़ियों को नकद पुरस्कार, सरकारी नौकरियों में आरक्षण और उत्कृष्ट प्रदर्शन पर विशेष सम्मान प्रदान किए जा रहे हैं। ओलंपिक, एशियाई खेल और राष्ट्रमंडल खेलों में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को करोड़ों रुपये की पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया जाता है। इससे युवाओं में खेलों के प्रति रुचि और प्रतिस्पर्धा की भावना बढ़ी है। कुलभूषण गोयल ने कहा कि प्रदेश के विभिन्न जिलों में खेल स्टेडियमों का निर्माण और उन्नयन किया गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी खेल नर्सरी और अकादमियां स्थापित की जा रही हैं, ताकि प्रतिभाओं को प्रारंभिक स्तर पर ही पहचानकर उन्हें प्रशिक्षित किया जा सके। सरकार का लक्ष्य है कि गांव-गांव से खिलाड़ी निकलें और देश-प्रदेश का नाम रोशन करें।

### खिलाड़ियों को बेहतर कोचिंग व सुविधाएं उपलब्ध करवा रहे



कुलभूषण गोयल ने कहा कि खेल नीति के तहत खिलाड़ियों को बेहतर कोचिंग, आहार भत्ता, उपकरण और चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं। महिला खिलाड़ियों को भी विशेष प्रोत्साहन दिया जा रहा है, जिससे वे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकें। हरियाणा आज देश के उन अग्रणी राज्यों में शामिल है, जहां से बड़ी संख्या में खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक जीतकर लौट रहे हैं। सरकार का मानना है कि खेल केवल शारीरिक स्वास्थ्य का माध्यम नहीं, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता विकसित करने का सशक्त साधन भी हैं।

## नियम तोड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई

## 849 चालान व 2 वाहन इंपाउंड

पंचकूला ऑब्जर्वर

**पंचकूला, 18 फरवरी।** सड़क सुरक्षा को मजबूत बनाने और यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आज थाना यातायात सिटी व सूरजपुर पंचकूला की टीम द्वारा विशेष अभियान चलाया गया। यह अभियान पीएसआई अभिषेक व पीएसआई वरिंदर कुमार के नेतृत्व में पंचकूला शहरी क्षेत्र तथा पिंजौर क्षेत्र में संचालित किया गया।



अभियान के दौरान क्षमता से अधिक सवारी ले जाने वाले 10 ऑटो चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई। इसके अलावा ट्रिपल राइडिंग के 43 ऑनलाइन चालान तथा 37 ऑफलाइन चालान किए गए , वाहनों पर जातिसूचक शब्द लिखवाने सहित कुल 849 वाहन चालकों के चालान काटे गए और 2 वाहनों को नियम अनुसार इंपाउंड किया गया , जिसमें एक बुलेट मोटरसाइकिल भी शामिल है जिसका ? 39500 का चालान किया गया। यातायात नियमों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए पुलिस ने वाहन चालकों को नियमों का पालन करने और सुरक्षित ड्राइविंग के लिए जागरूक भी किया। डीसीपी ट्रैफिक/क्राइम मनप्रीत सिंह सूदन का कहा कि ÷पंचकूला ट्रैफिक पुलिस सड़क सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी रहेगी।

## नगराधीश जागृति ने जिला बाल कल्याण परिषद के प्रशिक्षण केंद्रों के 40 बच्चों को प्रमाण-पत्र वितरित किए

**पंचकूला, 18 फरवरी।** उपायुक्त श्री सतपाल शर्मा की अध्यक्षता में आज बाल भवन सेक्टर-14 पंचकूला में आयोजित कार्यक्रम में जिला बाल कल्याण परिषद द्वारा संचालित कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र, पंचकूला, ब्यूटी केयर प्रशिक्षण केंद्र तथा सिलाई एवं कढ़ाई केंद्र के 40 बच्चों को नगराधीश जागृति द्वारा प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। नगराधीश जागृति ने बाल भवन में संचालित विभिन्न गतिविधियों का निरीक्षण किया तथा परिषद की स्वच्छता व्यवस्था और बच्चों एवं महिलाओं के सर्वांगीण विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।

इस अवसर पर श्रीमती शिवानी सूद, जिला बाल कल्याण अधिकारी, पंचकूला ने बताया कि बाल भवन पंचकूला, मिनी बाल भवन कालका तथा रायपुर रानी में प्रतिदिन लगभग 300 से 400 बच्चे कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र, सिलाई एवं कढ़ाई केंद्र, ब्यूटी केयर प्रशिक्षण केंद्र, फैशन डिजाइनिंग प्रशिक्षण केंद्र और पुस्तकालय में प्रशिक्षण एवं पाठ्यक्रम हेतु आते हैं। उन्होंने बताया कि गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले परिवारों की महिलाओं और बालिकाओं को इन केंद्रों में निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है।

## फाइनल में एजी दिल्ली और एजी जम्मू-कश्मीर के बीच होगा मुकाबला

**नार्थ जोन फुटबॉल टूर्नामेंट**

पंचकूला ऑब्जर्वर संवाददाता

**चंडीगढ़, 18 फरवरी।** इंडियन ऑडिट एंड अकाउंट्स डिपार्टमेंट नार्थ ज़ोन फुटबॉल टूर्नामेंट के तीसरे दिन एजी उत्तर प्रदेश ने एजी हिमाचल प्रदेश के खिलाफ़ 3-0 से मैच जीता। सबसे पहले, मैच के चौथे मिनट में ही प्रति कनौजिया ने मैच का पहला गोल किया। इसके बाद अंकित पिल्लै ने मैच के छठे मिनट में मैच का दूसरा गोल कर दिया। मैच के 46वें मिनट में प्रति कनौजिया के एक और गोल के बाद एजी यूपी ने एजी हिमाचल प्रदेश से 3-0 से मुकाबला जीत लिया। लेकिन गोल औसत में अंतर के कारण एजी यूपी की टीम इस टूर्नामेंट से बाहर हो गई। दूसरा मैच एजी दिल्ली और एजी हरियाणा के



बीच खेला गया जिसमें एजी दिल्ली ने 3-0 से मैच जीतकर न केवल फाइनल में जगह बनाई बल्कि ऑल इंडिया (इंटर-ज़ोनल) फुटबॉल टूर्नामेंट के लिए भी क्वालीफ़ाई कर लिया। इस मैच में नितेश शर्मा ने 10वें मिनट में पहला गोल किया, ओबेद कम्बेई ने 50वें मिनट में दूसरा गोल किया। इसके बाद 56वें मिनट में हितेन्द्र सिंह रावत ने मैच का तीसरा गोल किया। आज का तीसरा मैच एजी जम्मू-कश्मीर और एजी पंजाब के बीच खेला गया। यह मैच बहुत रोमांचक रहा। दोनों ही टीमों को गोल के लिए काफ़ी संघर्ष करना पड़ा।

हालांकि मैच के 46वें मिनट में आसिफ़ ने एजी जम्मू-कश्मीर टीम का खाता खोला। लेकिन एजी पंजाब के सौरभ ने मैच के 65वें मिनट में गोल करके 1-1 की बराबरी कर ली। इसके साथ ही जम्मू-कश्मीर ने भी न सिर्फ़ फाइनल में अपना स्थान पक्का किया बल्कि इंटर-ज़ोनल फुटबॉल टूर्नामेंट के लिए क्वालीफ़ाई भी कर लिया। साथ ही एजी दिल्ली और एजी जम्मू-कश्मीर की टीमों ने अपने-अपने ग्रुप की ओर से फाइनल में जगह बना ली।

### जिला स्तरीय ग्रामीण महिला खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

**पंचकूला, 18 फरवरी।** ताऊ देवीलाल स्टेडियम, सैक्टर-3 पंचकूला में जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास, पंचकूला डॉ. सविता नेहरा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय ग्रामीण महिला खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पिंजौर, बरवाला, रायपुररानी तथा मोरनी में आयोजित हुई खंड स्तरीय ग्रामीण महिला खेलकूद प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों ने जिला स्तरीय ग्रामीण महिला खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लिया।

## जेआर क्रिकेट एकेडमी ने जीता आरपी सिंह मेमोरियल अंडर-23 क्रिकेट टूर्नामेंट



पंचकूला ऑब्जर्वर संवाददाता

**पंचकूला।** J.R. क्रिकेट एकेडमी, पंचकूला ने प्रोफेशनल क्रिकेट एकेडमी, चंडीगढ़ को 4 रन से हराया और चौथे आरपी सिंह मेमोरियल अंडर-23 क्रिकेट टूर्नामेंट का खिताब जीता, जिसे हरियाणा स्पोर्ट्स वेलफेयर एसोसिएशन (रजिस्टर्ड) ने सफलतापूर्वक आयोजित किया था। हरमिंदर कौर पत्नी स्वर्गीय श्री ऋ्क्क सिंह, श्री अमन राणा, पंजाब के सीनियर क्ष्छ्क्क नेता, श्री रवनीत गोयल, पंजाब के सीनियर नेता, श्री इंद्रजीत सिंह, हरियाणा के श्री अमरजीत कुमार ने स्पोर्ट्स वेलफेयर शेयर्ड कार्ड बांटे। विजेता टीमों और टूर्नामेंट के बेस्ट खिलाड़ियों को।

हरियाणा स्पोर्ट्स वेलफेयर एसोसिएशन (ह्द्धद्वस्त्र.) के सेक्रेटरी अमरजीत कुमार के अनुसार, 2004 से (पिछले 22 सालों से) हर साल रेगुलर तौर पर होने वाले क्रिकेट टूर्नामेंट का मुख्य मकसद हमारे ग्रामीण/पिछड़े इलाके की युवा पीढ़ी को ड्रग्स से दूर रखना है।

## लोक निर्माण मंत्री ने चल रही सड़क परियोजनाओं की समीक्षा की

# बारिश के मौसम से पहले परियोजनाओं को पूरा करने के निर्देश



पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़।** पंजाब के लोक निर्माण मंत्री हरभजन सिंह ई.टी.ओ. ने आज पंजाब भवन, चंडीगढ़ में आयोजित उच्च-स्तरीय बैठक के दौरान पूरे राज्य में चल रही सड़क बुनियादी ढांचे से संबंधित कार्यों की व्यापक समीक्षा की। लोक निर्माण विभाग (पी.डब्ल्यू.डी.) की परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए कैबिनेट मंत्री ने बारिश के मौसम से पहले सभी कार्यों को समय पर पूरा करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों को बिटुमिन कार्यों में तेजी लाने के लिए साप्ताहिक लक्ष्य निर्धारित करने और उन्हें जल्द पूरा करने के निर्देश दिए।

हरभजन सिंह ई.टी.ओ. ने इन साप्ताहिक लक्ष्यों की दैनिक निगरानी संबंधित मुख्य इंजीनियरों द्वारा करने और जवाबदेही तथा दक्षता सुनिश्चित करने के लिए समय-समय पर समीक्षा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पंजाब के लोगों को बिना किसी देरी के टिकाऊ और उच्च-गुणवत्ता वाला सड़क ढांचा प्रदान किया जाना चाहिए। भगवंत सिंह मान की अगुवाई वाली पंजाब सरकार की यात्रियों को बेहतर और विश्व स्तरीय सड़क बुनियादी ढांचा उपलब्ध कराने की दृढ़ प्रतिबद्धता को दोहराते हुए, श्री हरभजन सिंह ई.टी.ओ. ने कहा कि राज्य के सड़क नेटवर्क को मजबूत और आधुनिक बनाना सरकार की प्रमुख प्राथमिकता है। उन्होंने आगे कहा कि बेहतर सड़क संपर्क से आर्थिक और क्षेत्रीय विकास में तेजी आएगी तथा सुरक्षित और निर्बाध यात्रा सुनिश्चित की जाएगी।

उन्होंने अधिकारियों को निर्धारित समय सीमा के अंदर वित्तीय और अन्य निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए हर संभव प्रयास करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि सड़क निर्माण कार्यों को पूरा करने में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों या ठेकेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

इस दौरान कैबिनेट मंत्री ने पेविंग संबंधी कार्यों को तुरंत शुरू करने के निर्देश दिए क्योंकि इस समय प्री-मिक्स और कारपेटिंग के कार्यों के लिए मौसम अनुकूल है। उन्होंने कहा कि निर्धारित इंजीनियरिंग मानकों का पालन सुनिश्चित करने और कार्यक्षमता में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए अचानक निरीक्षण किए जाएंगे।

मानक बुनियादी ढांचे के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को उजागर करते हुए उन्होंने कहा कि वे राज्य भर में विभिन्न स्थानों पर सड़क निर्माण कार्यों का व्यक्तिगत रूप से निरीक्षण करेंगे ताकि पारदर्शिता, जवाबदेही और परियोजनाओं का समय पर पूरा होना सुनिश्चित किया जा सके।

वित्तीय प्रक्रियाओं को सुचारू बनाने और बिलों के शीघ्र निपटारे के लिए उन्होंने सभी ठेकेदारों के बिल समय पर जमा करवाने के निर्देश दिए। इस बैठक में प्रशासनिक सचिव रवि भगत, इंजीनियर-इन-चीफ गगनदीप सिंह, चीफ इंजीनियर अनिल गुप्ता और लोक निर्माण विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल थे।

## शिक्षा क्राति' को सख्ती से लागू कर रही मान सरकार, माछीवाड़ा स्कूल के 6 अध्यापकों को नोटिस

# ड्यूटी में लापरवाही करने वालों के विरुद्ध होगी सख्त कार्यवाही : हरजोत सिंह

पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़।** शैक्षिक गुणवत्ता को और बेहतर बनाने के प्रति अपनी दृढ़ वचनबद्धता को उजागर करते हुए मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली सरकार की तरफ से पंजाब के शिक्षा मंत्री स. हरजोत सिंह बैंस द्वारा माछीवाड़ा के सरकारी प्राथमिक स्कूल में किए गए अचानक निरीक्षण दौरान सामने आई गंभीर खमियों सम्बन्धित तत्काल और निर्णायक कार्यवाही की गई है। इस दौरे दौरान, पंजाब के शिक्षा मंत्री के सामने स्कूल प्रबंधन में कमियां आई और विद्यार्थियों को प्राथमिक शिक्षा के साथ जूझते देखा गया, जिसके चलते तुरंत सुधारात्मक उपाय किए गए।

पंजाब स्कूल शिक्षा विभाग ने बाद में छह अध्यापकों को कारण बताओ नोटिस जारी किए, जिनमें बी.आर.सी., मुख्य अध्यापक, एक एसोसिएट अध्यापक, तीन ई.टी.टी. अध्यापक और एक आई. ई.ए.टी. अध्यापक शामिल हैं।



यह कार्यवाही भगवंत मान सरकार की तरफ से पंजाब में शुरु की गई ' शिक्षा क्रांति' मुहिम के अंतर्गत सीखने के नतीजों को और बेहतर बनाने पर ध्यान केंद्रित करने का प्रत्यक्ष प्रमाण है। लापरवाही या कोताही प्रति जीरो- सहनशीलता वाली पहुंच की पुष्टि करते शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस ने जोर देकर कहा कि शिक्षा भगवंत सिंह मान सरकार के लिए प्राथमिकता है और यह यकीनी बनाने के लिए हर स्तर पर जवाबदेही अनिवार्य है जिससे विद्यार्थियों को मानक शिक्षा मिल सके। इस लापरवाही पर सख्त नाराजगी प्रकट करते स. हरजोत सिंह बैंस ने कहा, छोटी से छोटी लापरवाही भी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बच्चों का भविष्य कलासरूमो में सृजित किया जा रहा है। मुख्य मंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार के लिए शिक्षा सबसे महत्वपूर्ण है और ड्यूटी में किसी भी तरह की कोताही विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी।

जिक्रयोग्य है कि पंजाब के शिक्षा मंत्री की तरफ से शैक्षिक गुणवत्ता, विद्यार्थियों की उपस्थिति, मिड- डे मील और बुनियादी ढांचो की संभाल के मूल्यांकन के लिए सूबे भर के सरकारी स्कूलों का अचानक निरीक्षण किया जा रहा है। यह अचानक दौरे जनतक शिक्षा प्रणाली को और बेहतर बनाने और विद्यार्थियों के बेहतर भविष्य प्रति पंजाब सरकार की वचनबद्धता को दर्शाते हैं। शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस ने एक्स हैंडल पर अपने दौरे की एक क्लिप सांझी करते हुए कहा माछीवाड़ा साहिब के सरकारी स्कूलों का अचानक दौरा किया और शैक्षिक गुणवत्ता और समूचे कामकाज का जायजा लिया गया। हमारे लिए हमारे बच्चों की शिक्षा से अधिक महत्वपूर्ण कुछ नहीं है। यदि कोई भी अध्यापक ड्यूटी में कोताही या लापरवाही करता पाया जाता है तो उसके विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी। आज इस प्राइमरी स्कूल के सभी अध्यापकों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं। विद्यार्थियों की शिक्षा के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

# बठिंडा में किसानों और पुलिस के बीच पथराव-भीड़ पर आंसू गैस के गोले दागे

पंचकूला ऑब्जर्वर न्यूज

**बठिंडा।** जिओंद गांव के पास पुलिस और किसानों के बीच भारी टकराव हो गया। किसानों की भीड़ ने पुलिसकर्मियों को घेर लिया। इस दौरान दोनों तरफ से पथराव हुआ, जिसके वीडियो भी सामने आए हैं। भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे।

इस टकराव में पुलिस और किसानों की ओर से कई लोग घायल हुए हैं। जबकि, कुछ को गैस चढ़ गई, जिससे उनकी तबीयत बिगड़ गई। तबीयत बिगड़ने पर किसानों को फौरन सुरक्षित जगह पर ले जाया गया। स्स्क ज्योति यादव ने कहा कि स्थिति कंट्रोल करने के लिए पुलिस अपने हाथों का इस्तेमाल कर रही है। इससे पहले भारतीय किसान यूनियन एकता उगराहां के नेतृत्व में बठिंडा शहर की ओर निकाले गए मार्च को पुलिस ने रोक दिया। किसान बठिंडा में डिप्टी कमिश्नर के ऑफिस के बाहर धरना देने जा रहे थे।

जिसके बाद किसान रामपुराफूल से पहले बठिंडा-चडीगढ़ हाईवे पर अपनी मांगों को लेकर धरना देकर बैठ गए। पुलिस फोर्स किसानों को रोकने के लिए पहुंची, लेकिन किसान नहीं माने।

उधर, हाईवे जाम होने के कारण पुलिस ने बठिंडा से चंडीगढ़ जाने वाले ट्रैफिक को गांवों के रास्ते से डायवर्ट किया गया है। इसी दौरान बठिंडा आ रहे किसानों के साथ पटियाला के समाना में पुलिस के साथ झड़प हुई। जिसके बाद पुलिस ने किसानों को डिटेन किया है। इसके अलावा संगरूर के गांव शेरों में भी किसानों के बीच धक्कामुक्की हुई।

## जंगली जीवों की सुरक्षा संबंधी भगवंत सिंह मान सरकार की पहल

# छत्तबीड़ चिड़ियाघर में 2 महीनों में 80,508 सैलानी पहुंचे : कटारूचक्क

पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़।** वन्य जीवों की सुरक्षा और लोगों को जागरूक करने संबंधी भगवंत सिंह मान सरकार के ठोस प्रयत्नों के सार्थक नतीजे सामने आ रहे है जिससे महिंद्र चौधरी जूआलोजीकल पार्क, छत्तबीड़ में सैलानियों की आमद में काफी विस्तार हुआ है। इस सम्बन्धित जानकारी देते वन और वन्यजीव सुरक्षा मंत्री लाल चंद कटारूचक्क ने कहा कि साल के पहले दो महीनों दौरान ही चिड़ियाघर में 80, 508 सैलानियों की आमद हुई है जो कि जंगली जीवों की सुरक्षा सम्बन्धित लोगों की बढ़ रही जागरूकता और शमूलियत को दर्शाता है। इस सम्बन्धित पंजाब के वन और वन्यजीव सुरक्षा मंत्री लाल चंद कटारूचक्क ने आगे कहा, मुख्य मंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में हमारी सरकार लोगों को जंगली जीवों की संभाल प्रति जागरूक करने के लिए



लगातार प्रयास कर रही है और इस सम्बन्धित लोगों की तरफ से भरपूर सर्मथन मिल रहा है। वन और वन्यजीव सुरक्षा मंत्री ने बताया, सिर्फ जनवरी महीने दौरान ही छत्तबीड़ चिड़ियाघर में 48, 719 सैलानियों की आमद हुई, जबकि फरवरी में 31, 789 सैलानी शांत और प्राकृतिक माहौल में पक्षियों और जानवरों की अलग- अलग प्रजातियों को देखने के लिए आए। चिड़ियाघर में पक्षियों और जानवरों की सुरक्षा और संभाल के लिए की पहलकदमियों को उजागर करते मंत्री लाल चंद कटारूचक्क ने कहा, जंगली जीवों की संभाल और सुरक्षा प्रति हमारी वचनबद्धता के हिस्के तौर पर, छत्तबीड़ चिड़ियाघर में कई अहम पहलकदमियां की गई हैं। उन्होंने कहा देश का सबसे बड़ा और सबसे लंबा वाक- इन क्षेत्र आर्कषण का मुख्य केंद्र बन गया है। इसके साथ, सैलानियों के लिए शैक्षिक और मनोरंजन अनुभव यकीनी बनाने के लिए एक अति- आधुनिक डायनासौर पार्क स्थापित किया गया है।

चिड़ियाघर के बुनियादी ढांचो के नवीनीकरण बारे जानकारी देते हुए मंत्री लाल चंद कटारूचक्क ने कहा, 1200 मीटर के जंगली जीव सफारी क्षेत्र में, चारदीवारी को म?बूत किया गया है और साफ- सुथरी ऊर्जा का प्रयोग को उत्साहित करने के लिए 260 केवी सोलर प्लांट लगाया गया है। उन्होंने कहा, मांसाहारी जानवरों को विशेष इलाज प्रदान करने के लिए लोआइन सफारी में क्रिटीकल केयर यूनिट स्थापित की गई है और सैलानियों, विशेष कर स्कूली बच्चों के लिए एक ओपन-एयर जू एजुकेशन प्लाजा तैयार किया गया है। वन्य जीवों की संभाल सम्बन्धित एजंडे के बारे में बताते हुए, मंत्री लाल चंद कटारूचक्क ने कहा सिंधु नदी डौलफिन को पंजाब का प्रांतीय जल जीव घोषित किया गया है और राज्य भर की 13 वन्यजीव अभ्यारण्य को प्लास्टिक मुक्त घोषित किया गया है।

# सामाजिक सुरक्षा योजनाओं में जनवरी 2026 तक 5,748 करोड़ से अधिक की रकम जारी: डा. बलजीत कौर

पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़।** मुख्य मंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार राज्य के हाशियाग्रसत, गरीब और आर्थिक तौर पर कमजोर वर्गों की भलाई के लिए पूरी संवेदनशीलता और वचनबद्धता के साथ लगातार काम कर रही है। यह बात सामाजिक सुरक्षा, स्त्री और बाल विकास मंत्री डा. बलजीत कौर ने कही।

इस सम्बन्धित जानकारी देते सामाजिक सुरक्षा, स्त्री और बाल विकास मंत्री डा. बलजीत कौर ने बताया कि अलग-अलग सामाजिक सुरक्षा योजनाओं अधीन पंजाब सरकार की तरफ से जनवरी 2026 तक ( वित्तीय साल 2025- 26 दौरान) 5,748 करोड़ से अधिक की रकम लाभपातरियो तक सीधे तौर पर पहुंचाई जा चुकी है। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं अधीन राज्य के 35.70 लाख से अधिक लाभपातरियो को नियमित और निरंतर वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है, जिसके साथ



गरीब, बुजुर्ग, महिलाएं, बच्चों और दिव्यांग व्यक्तियों की आर्थिक सुरक्षा यकीनी बनाई गई है।

कैबिनेट मंत्री ने बताया कि बुढापा पैन्शन अधीन 3,806.43 करोड़, विधवा और निराश्रित महिलाओं के लिए 1,099.97 करोड़, अनाथ और आश्रित बच्चों के लिए 385.94 करोड़, जबकि दिव्यांग व्यक्तियों को 456.03 करोड़ की वित्तीय सहायता जारी की जा चुकी है। कैबिनेट मंत्री डा. बलजीत कौर ने कहा कि सामाजिक सुरक्षा योजनाएं केवल वित्तीय मदद तक सीमित नहीं, बल्कि यह लाखों परिवारों के लिए सम्मान के साथ जीने की उम्मीद है।

# किसानों की आय बढ़ाने के लिए 1300 करोड़ के निवेश से पंजाब को बागवानी क्षेत्र में मिलेगा बड़ा प्रोत्साहन: मोहिंदर भगत

पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़।** पंजाब के बागवानी मंत्री मोहिंदर भगत ने कहा कि पंजाब लगभग 1300 करोड़ रुपये के प्रस्तावित निवेश के साथ बागवानी क्षेत्र में बड़ी सकारात्मक बदलाव लाने के लिए पूरी तरह तैयार है। इससे जहां किसानों की आय में वृद्धि होगी, वहीं नए निर्यात अवसरों के लिए भी रास्ता साफ होगा। आज यहां जारी प्रेस ब्यान में मंत्री ने महाराष्ट्र के नासिक में सहियाद्री किसान उत्पादक कंपनी लिमिटेड के हालिया दौरे के नतीजों को साझा किया। उन्होंने कहा कि पंजाब



महाराष्ट्र बागवानी मॉडल के सफल अभ्यासों को अपनाएगा ताकि राज्य के किसान संगठित खेती, प्रोसेसिंग और बेहतर मार्केट लिंकेज के माध्यम से अधिक मुनाफा कमा सकें। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण और संस्थागत सहायता के जरिए पंजाब में किसान उत्पादक संगठनों (एफ.पी.ओ.) को मजबूत करने के लिए सहियाद्री के साथ समझौते भी हस्ताक्षर किये गये हैं।

श्री भगत ने कहा कि उनका यह दौरा बहुत सफल रहा क्योंकि प्रतिनिधिमंडल ने इस दौरान अध्ययन किया कि किसान उत्पादन, ग्रेडिंग, पैकेजिंग, प्रोसेसिंग और निर्यात को बेहतर बनाने के लिए एफ.पी.ओ. के माध्यम से कैसे सामूहिक रूप से काम कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान में सहियाद्री 30,000 एकड़ से अधिक क्षेत्र में हजारों किसानों के साथ काम कर रहा है और 42 देशों को फल एवं सब्जियों का निर्यात कर रहा है।

# सुनवाईयों से गैरहाजिर बीडीपीओ पर आरटीआई आयोग सत, वारंट जारी

**चंडीगढ़।** पंजाब राज्य सूचना कमिश्न ने एक मामले की सुनवाई दौरान ब्लाक विकास और पंचायत अधिकारी, ब्लाक अबोहर जिला फाजिलका खिलाफ वारंट जारी किए है। इस संबंधित जानकारी देते हुए पंजाब राज्य सूचना कमिश्न के कमिश्नर हरप्रीत सिंह संधू ने जानकारी देते बताया कि हाकम सिंह सुपुत्र अमर सिंह निवासी गांव रामगढ़ तहसील अबोहर की तरफ से दायर केस नं. 6508 आफ 2023 में अंतरप्रीत सिंह के पी.आई.ओ. कम-ब्लाक विकास और पंचायत अधिकारी, अबोहर जिला फाजिलका 19 मार्च, 2026 को कमिश्न में पेश होने के वारंट जारी किए है।

स. हरप्रीत सिंह संधू ने बताया कि अंतरप्रीत सिंह अब तक हुई 5 सुनवाईयों के मौके कमिश्न की हिदायतों के बावजूद गैर उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि अब इस मामले में एस.एस.पी. फाजिलका को आदेश जारी किया गया है कि वह अंतरप्रीत सिंह के पी.आई.ओ. कम-ब्लाक विकास और पंचायत अधिकारी, अबोहर को इन वारंट की कापी तामील करवाने और केस की आगे वाली तारीख 19 मार्च, 2026 को कमिश्न के समक्ष पेश होने की हिदायत जारी करे।

# ज्ञानी रघबीर सिंह जी के खुलासों ने सिख जगत के समक्ष खड़े किए अहम सवाल : बैंस

पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और कैबिनेट मंत्री हरजोत सिंह बैंस ने शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) पर कड़ा हमला बोलते हुए कहा कि श्री अकाल तख्त साहिब के पूर्व जत्थेदार ज्ञानी रघबीर सिंह जी द्वारा लगाए गए आरोप बेहद सनसनीखेज हैं। बैंस ने कहा कि यह केवल आरोप नहीं, बल्कि सिखों की सर्वोच्च संस्था के पतन का जीवंत प्रमाण हैं, जिसे अब एक विशेष परिवार की निजी जागीर बना दिया गया है।

हरजोत बैंस ने कहा कि ज्ञानी रघबीर सिंह जी द्वारा गुरु घर की जमीनों को बेचे जाने और बेशकीमती धार्मिक ग्रंथों के गायब होने जैसे जो खुलासे किए गए हैं, उन्होंने पूरी दुनिया में बैठी सिख संगत को झकझोर कर रख दिया है। उन्होंने कहा कि यह शर्मनाक है कि जिस संस्था का काम कौम के हितों की रक्षा करना था, वह आज केवल एक परिवार की जी-हुजूरी और उनके राजनीतिक हितों को साधने का अड्डा बनकर रह गई है। मंत्री बैंस ने कहा कि जब कोई आम व्यक्ति नहीं, बल्कि श्री दरबार साहिब के हेड ग्रंथी जैसी सम्मानित शख्सियत भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद पर सवाल उठाती है, तो स्पष्ट हो जाता है कि पानी सिर से ऊपर निकल चुका है।

उन्होंने कहा कि एसजीपीसी आज सिख कौम की आवाज बनने के बजाय बादल परिवार के रिमोट कंट्रोल से चल रही है। कौम की संपत्ति को निजी तिजोरियों में बदलने की कोशिशों को अब और बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बैंस ने दो मांग की कि इन सभी गंभीर आरोपों की एक उच्च स्तरीय और निष्पक्ष जांच होनी चाहिए ताकि संगत के सामने दूध का दूध और पानी का पानी हो सके। उन्होंने मांग की कि एसजीपीसी को एक परिवार के कब्जे से मुक्त करवाया जाना चाहिए।

# केंद्र सरकार अपोलो अस्पताल के डॉक्टरों की ओर से दी गई सलाह पर ध्यान दे: संधवां

पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़।** पंजाब विधानसभा स्पीकर कुलतार सिंह संधवां ने कहा कि केंद्र सरकार को अपोलो अस्पताल के विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा दी गई सलाह पर ध्यान देना चाहिए और भारत के किसानों के मुद्दों को गंभीरता से लेना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि अमेरिका के साथ किए गए व्यापारिक समझौते से भारतीय किसानों को भारी नुकसान झेलना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार किसानों के प्रमुख मुद्दों के प्रति उदासीनता अपना रही है जो कि बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है।

उन्होंने कहा कि हमारी सरकार भारतीय किसानों के कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है और हम इस व्यापारिक समझौते के खिलाफ आवाज बुलंद करेंगे तथा केंद्र सरकार की किसान विरोधी नीतियों का विरोध करेंगे। स. संधवां ने इस बात पर जोर दिया कि अपोलो हॉस्पिटल के डॉक्टरों की सलाह के अनुसार आयातित सेब भारतीय सेबों की तुलना में कम पौष्टिक होते हैं क्योंकि ये लंबे समय तक स्टोर करने और आवागमन के दौरान 40-85 प्रतिशत पौष्टिक तत्व, खासकर विटामिन सी खो देते हैं। उन्होंने कहा कि ये सेब देखने को चमकदार होते हैं लेकिन इनकी गुणवत्ता घटिया दर्जे की होती है। इसके उलट कश्मीरी या हिमाचली सेब कम लागत पर बेहतर स्वास्थ्य लाभ प्रदान कर रहे हैं। आयातित सेब घरेलू सेबों की तुलना में कम पौष्टिक होते हैं।

## किला रायपुर ग्रामीण ओलंपिक 2026 के दूसरे दिन बैलगाड़ी दौड़ से गूंज उठा मैदान

# 12 साल बाद बैलगाड़ी दौड़ें फिर से शुरू होना ऐतिहासिक : संधवां

पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़/किला** रायपुर (लुधियाना)। किला रायपुर ग्रामीण ओलंपिक के दूसरे दिन उत्साह का एक अभूतपूर्व उछाल देखने को मिला, हजारों लोग, खासकर युवा, पंजाब की समृद्ध ग्रामीण खेल विरासत का जश्न मनाने के लिए ऐतिहासिक स्टेडियम किला रायपुर में एकत्र हुए। दूसरे दिन की खेलों ने दर्शकों के मन को मोह लिया क्योंकि ऐतिहासिक बैलगाड़ी दौड़ें 12 साल के अंतराल के बाद पुनर्जीवित हुई हैं, जो दर्शकों का ध्यान का केंद्र बनी।

स्टेडियम में बैठे दर्शकों/लोगों ने जोरदार जयकारों की गूंज के साथ पारंपरिक बैलगाड़ी दौड़ों का स्वागत किया। दर्शकों ने न केवल बैलगाड़ी दौड़ों का उत्साह से समर्थन किया बल्कि



पारंपरिक खेलों और एथलेटिक मुकाबलों की एक जीवंत श्रृंखला का भी समर्थन किया। जिसमें हॉकी मैच, कबड्डी मुकाबले, शॉट पुट थ्रो, 100 मीटर स्प्रिंट, टग ऑफ वॉर मुकाबले, लंबी छलांग के मुकाबले, बाजीगर शो और कई अन्य ग्रामीण एथलेटिक खेल शामिल थे। खेल मैदान परिवारों, किसानों, युवा समूहों, राज्य और बाहर के दर्शकों से खचाखच भरा हुआ था, जिससे एकता, उत्साह और भाईचारे की भावना का एक अलग ही माहौल पैदा हुआ। पंजाब विधानसभा के स्पीकर कुलतार सिंह संधवां ने उत्साही दर्शकों को संबोधित करते हुए कहा कि बैलगाड़ी दौड़ें फिर से शुरू होना एक ऐतिहासिक मील का पत्थर साबित हुई है। यह उपलब्धि पंजाब पशु क्रूरता निवारण (पंजाब संशोधन) अधिनियम, 2025 में दर्ज सोच-समझकर किए गए विधायी सुधारों और पशुओं की भलाई एवं सुरक्षा के माध्यम से संभव हुई। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस पारंपरिक खेल की वापसी न केवल पंजाब की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को सुरक्षित रखती है बल्कि युवा पीढ़ी में पारंपरिक ग्रामीण खेलों के लिए नया उत्साह भी जगाती है। उन्होंने उम्मीद जताई कि ये खेल युवाओं को खेल के मैदानों की ओर वापस खींचेंगे और उन्हें नशों तथा अत्यधिक मोबाइल उपयोग से दूर रखेंगे।

उन्होंने इन खेलों से लोगों के गहरे भावनात्मक संबंधों का जिक्र करते हुए कहा कि ये खेल पंजाब की संस्कृति, विरासत को जीवंत और बनाए रखने में सहायता करते हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है कि हम युवाओं को इन परंपराओं से फिर से जोड़ें, खासकर ऐसे समय में जब रील संस्कृति और डिजिटल भटकाव ने उन्हें असली पंजाबी जड़ों से दूर कर दिया है।

# 5 हजार रिश्वत लेते पी.एस.पी. सी.एल. का लाइनमैन विजिलेंस ब्यूरो ने पकड़ा

पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़।** राज्य में भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने के लिए चलाई जा रही मुहिम के दौरान पंजाब विजिलेंस ब्यूरो ने पी.एस.पी. सी.एल. अटोवाल, जिला होशियारपुर के सब-डिविजनल ऑफिस में तैनात लाइनमैन बलवीर सिंह (फौजी) को 5000 रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

आज यहां यह जानकारी साझा करते हुए राज्य विजिलेंस ब्यूरो के प्रवक्ता ने बताया कि उक्त आरोपी को गांव तनुली, जिला होशियारपुर के एक निवासी द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर गिरफ्तार किया गया है। प्रवक्ता ने बताया कि शिकायतकर्ता खेतीबाड़ी का काम करता है और उसने मीटर से अपने घर तक आने वाली बिजली की तार का रूट बदलवाने के लिए अर्जी दी थी। इस संबंध में शिकायतकर्ता आरोपी लाइनमैन बलवीर सिंह (फौजी) से मिला, जिसने मीटर से उसके घर तक आने वाली बिजली की तारों का रास्ता बदलने के बदले 5000 रुपये रिश्वत की मांग की। उल्लेखनीय है कि शिकायतकर्ता ने आरोपी लाइनमैन बलवीर सिंह (फौजी) द्वारा रिश्वत मांगने की बातचीत रिकॉर्ड कर ली थी।

उसकी शिकायत पर प्रारंभिक जांच के बाद, विजिलेंस ब्यूरो की टीम ने दो सरकारी गवाहों की मौजूदगी में आरोपी को शिकायतकर्ता से 5000 रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया।

इस संबंध में, विजिलेंस ब्यूरो के पुलिस स्टेशन मोहाली में आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण कानून के तहत मामला दर्ज किया गया है और मामले की आगे की जांच जारी है।

# नीयत, नीति और अंत्योदय के संकल्प पर ही प्रदेश में तीसरी बार बनी सरकार : सीएम नायब

## उचाना में धन्यवाद रैली को मुख्यमंत्री ने किया संबोधित, 103 करोड़ 31 लाख रुपये की विकास परियोजनाओं की दी सौगात

पंचकूला ऑजर्वर न्यूज़



हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी को जिला जींद के उचाना में आयोजित धन्यवाद रैली के दौरान स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित करते हुए। साथ में हैं विधायक श्री देवेंद्र अत्री। (18.02.2026)

**जींद, 18 फरवरी।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि सरकार की नीयत, नीति और अंत्योदय के संकल्प पर ही प्रदेश में तीसरी बार डबल इंजन की सरकार बनी है। उचाना के विकास के पहिए को अब और भी तीव्र गति दी जाएगी और यहां की खुशहाली में कोई कोर-कसर बाकी नहीं रहने दी जाएगी। मुख्यमंत्री जींद के उचाना में बुधवार को धन्यवाद रैली को संबोधित कर रहे थे। रैली में पहुंचने पर आयोजक एवं उचाना विधानसभा से विधायक श्री देवेन्द्र चतुर्भुज अत्री ने मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी का स्वागत किया। इससे पहले मुख्यमंत्री ने 103 करो? 31 लाख रुपये लागत की 5 विकास परियोजनाओं के उद्घाटन एवं शिलान्यास भी किए हैं। इनमें 28 करो? 54 लाख रुपये लागत के 3 उद्घाटन और 74 करो? 77 लाख रुपये की लागत के 2 शिलान्यास शामिल हैं।

इस दौरान प्रदेश के जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं लोकनिर्माण मंत्री श्री रणबीर गंगवा, समाज कल्याण व अधिकारिता मंत्री श्री कृष्ण बेदी, हरियाणा विधानसभा के उपाध्यक्ष डॉ कृष्ण मिड्ढा, विधायक श्री पवन खरखौदा भी मौजूद थे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि उचाना की भूमि परिश्रम, परंपरा और प्रगति का संगम है। यह हरियाणा की वह ध?कन है, जहां जब किसान का पसीना मिट्टी में मिलता है, तो देश के अन्न भंडार भर जाते हैं। जब यहां का युवा संकल्प लेता है, तो पूरी दुनिया में भारत की प्रतिभा का परचम लहराता है।

### 98 में से 78 घोषणाओं पर काम हुआ पूरा

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने राजनीति को केवल सत्ता का साधन नहीं, बल्कि सेवा का माध्यम माना है। उचाना हलके के विकास को गति देने के लिए 11 वर्षों के कार्यकाल में 98 सीएम अनाउंसमेंट हुईं। इनमें से 78 का काम पूरा हो चुका और 15 का काम प्रगति पर है। उचाना विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्य का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि हलके में विकास कार्यों पर पिछले 11 वर्षों में 1 हजार 409 करो? रुपये इस सरकार में खर्च किए गए हैं। जबकि, कांग्रेस के 10 साल के शासनकाल में मात्र 386 करो? रुपये खर्च किये गये थे। उन्होंने कहा कि बीजेपी के शासन में उचाना तहसील को उपमंडल और अलेवा उप-तहसील को तहसील का दर्जा दिया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार अपने तीसरे कार्यकाल में भी जनकल्याण के काम गति से कर रही है। बीजेपी का लक्ष्य केवल चुनाव जीतना नहीं, बल्कि जनता का विश्वास जीतना है। विपक्ष केवल आरोप लगाता है, लेकिन सरकार के पास काम का रिपोर्ट कार्ड है। प्रदेश सरकार ने जो कहा, वह करके दिखाया है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि किसान हित हमारी नीतियों के केन्द्र में है। कांग्रेस के राज में स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों को डब्बे में डाल दिया गया था, लेकिन बीजेपी सरकार ने हमेशा किसानों के लिए ही काम किया है।आज प्रदेश में किसानों की सभी फसलों की खरीद न्यूनतम समर्थन मूल्य पर की जा रही है।

मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि कांग्रेस का काम केवल और केवल दुष्प्रचार करना है। मुद्दा हासिल करने के लिए ये हाथ पांव मार रहे है, लेकिन इनके पल्ले कुछ नहीं है। उन्होंने कहा कि मनरेगा की आड़ में हुए भ्रष्टाचार को रोकने के लिए केंद्र सरकार ने विकसित भारत-जी राम जी ग्रामीण को शुरु किया। 100 नहीं, 125 दिन की रोजगार की गारंटी दी, साथ ही 1 लाख 51 हजार 282 करोड़ इसके लिए आवंटित किए।

**उचाना अब विकास की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा- विधायक देवेंद्र चतुर्भुज अत्री**

धन्यवाद रैली के आयोजक एवं उचाना विधानसभा से विधायक श्री देवेन्द्र चतुर्भुज अत्री ने अपने संबोधन में कहा कि धन्यवाद रैली केवल कार्यक्रम नहीं है, बल्कि यह संदेश है कि उचाना अब विकास की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। प्रदेश में तीसरी बार बनी बीजेपी सरकार में विकास की रफ्तार भी बढ़ती जा रही है। उन्होंने कहा कि उचाना में विकास तेजी से करवाया जा रहा है। इस दौरान उन्होंने उचाना क्षेत्र के 6 गांवों का आईएमटी में चयनित होने पर मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी का आभार भी जताया। श्री देवेन्द्र चतुर्भुज अत्री ने कहा कि पहले जो भी उचाना से चुनाव जीता, उसने दिल्ली और चंडीगढ़ से ही राजनीति की।

### मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने उचाना में 103.30 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं को दी सौगात

**चंडीगढ़, 18 फरवरी।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने आज उचाना में आयोजित धन्यवाद रैली के दौरान विधानसभा क्षेत्र के विकास को नई गति देते हुए 103 करोड़ 30 लाख 84 हजार रुपये की विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। प्रदेश सरकार का उद्देश्य हर क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं को मजबूत कर आमजन के जीवन को सरल और बेहतर बनाना है। मुख्यमंत्री ने तीन विकास कार्यों का उद्घाटन किया गया है, जिन पर 28 करोड़ 54 लाख 7 हजार रुपये की लागत आई है। वहीं दो महत्वपूर्ण परियोजनाओं की आधारशिला भी रखी, जिनकी कुल लागत 74 करोड़ 76 लाख 77 हजार रुपये है। इन कार्यों के पूर्ण होने से क्षेत्र में पेयजल, सिंचाई, खेल और स्वच्छता से जुड़ी सुविधाओं में व्यापक सुधार होगा। नरवाना के जल सेवा मंडल के तहत 22 करोड़ 31 लाख 74 हजार रुपये की लागत से सुदकैन डिस्ट्रीब्यूटरी (आरडी 56000 से 118000 तक) के जीर्णोद्धार कार्य का उद्घाटन किया गया। इसके अंतर्गत सिरसा ब्रांच के आरडी 189990/एल से ऑफ-टेक सहित संबंधित ढांचागत संरचनाओं का पुनर्निर्माण भी किया जाएगा, जिससे सिंचाई व्यवस्था अधिक सुदृढ़ और प्रभावी बनेगी। मुख्यमंत्री ने खेल विभाग के 3 करोड़ 52 लाख रुपये की लागत से ब्लॉक उचाना के गांव डूमरखां कलां में निर्मित मल्टीपर्पज हॉल का उद्घाटन किया, इससे युवाओं को खेल गतिविधियों के लिए बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। इसके साथ ही 2 करोड़ 70 लाख 33 हजार रुपये की लागत से गांव सुदकैन कलां में जलापूर्ति योजना के नवीनीकरण, सुदृढ़ीकरण और शेष पाइपलाइन बिछाने के कार्य किया जाएगा।

# हरियाणा की दो राज्यसभा सीटों के लिए चुनाव का ऐलान

पंचकूला ऑजर्वर न्यूज़

**चंडीगढ़, 18 फरवरी।** हरियाणा में राज्यसभा की दो सीटों के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने चुनाव कार्यक्रम घोषित कर दिया है। हरियाणा से किरण चौधरी व रामचंद्र जांगड़ा का कार्यकाल 9 अप्रैल के पूरा हो रहा है। 90 सदस्यों वाली हरियाणा विधानसभा में संख्या बल के हिसाब से एक सीट भाजपा और दूसरी कांग्रेस के खाते में जा सकती है।

सत्तारूढ़ भाजपा ने अगर दूसरी सीट पर भी अपना उम्मीदवार मैदान में उतार दिया तो राजनीतिक समीकरण पूरी तरह से बदल जाएंगे। हरियाणा में पूर्व में भी दो-तीन बार राज्यसभा चुनावों में बड़ा खेल हो चुका है। भाजपा ने पर्याप्त संख्या बल नहीं होने के बाद भी दो बार राज्यसभा की सीटों पर जीत हासिल की है।

10 अप्रैल, 2020 में इन दो सीटों के लिए हुए आमचुनाव में भाजपा ने रामचंद्र जांगड़ा और कांग्रेस ने दीपेंद्र सिंह हुड्डा को टिकट दिया था। उस समय दोनों ही नेता आसानी से राज्यसभा जाने में कामयाब हुए थे। 2024 के लोकसभा चुनावों में दीपेंद्र हुड्डा ने रोहतक संसदीय सीट से जीत हासिल की। इसके बाद उन्होंने राज्यसभा से इस्तीफा दे दिया था। लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद ही किरण चौधरी व उनकी बेटी श्रुति चौधरी ने कांग्रेस छोड?र भाजपा ज्वाइन कर ली थी।

दीपेंद्र हुड्डा के इस्तीफे के बाद खाली हुई राज्यसभा की सीट के लिए अगस्त-2024 में उपचुनाव हुआ। भाजपा ने इस सीट पर पूर्व मंत्री किरण चौधरी को उम्मीदवार बनाया। किरण व रामचंद्र जांगड़ा का कार्यकाल 9 अप्रैल को पूरा हो रहा है। इसी के चलते आयोग ने बुधवार को चुनाव कार्यक्रम घोषित किया है। अब दोनों ही पार्टियों भाजपा व कांग्रेस के नेताओं में राज्यसभा जाने को लेकर लॉबिंग चल रही है।

हरियाणा विधानसभा का बजट सत्र 20 फरवरी से शुरू होगा। वित्त मंत्री होने के नाते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी 2 मार्च को अपनी सरकार का दूसरा वार्षिक बजट पेश करेंगे। इसी दौरान राज्यसभा चुनावों को लेकर भी घमासान चल रहा होगा। कांग्रेस के पास खुद के 37 विधायक हैं। कांग्रेस को यह सीट जीने के बाद 31 विधायकों की जरूरत है। इसी फार्मूले के तहत भाजपा को एक सीट मिलनी तय है।

2016 में भाजपा ने कांग्रेस व इनेलो के सांझे उम्मीदवार आरके आनंद के मुकाबले सुभाष चंद्रा को निर्दलीय चुनाव लड़वाया था। उस समय स्याही कांड के चलते पर्याप्त संख्याबल होते हुए आनंद चुनाव हार गए थे और सुभाष चंद्रा ने जीत हासिल की थी। इसके बाद अगस्त-2022 के चुनावों में क्रॉस वोटिंग के चलते कांग्रेस के अजय माकन चुनाव हार गए। वहीं भाजपा व जजपा समर्थन से निर्दलीय चुनाव लडने वाले कार्तिकेय शर्मा जीत हासिल करने में कामयाब रहे।

चुनावों के लिए अधिसूचना 26 फरवरी को जारी होगी। इसी दिन से नामांकन-पत्र जमा करवाने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। 5 मार्च तक नामांकन-पत्र जमा हो सकेंगे। छह मार्च को नामांकन-पत्रों की छंटनी होगी और 9 मार्च को नामांकन-पत्र वापस लेने की आखिरी तारीख होगी। इन सीटों पर अगर एक-एक ही उम्मीदवार आते हैं तो नामांकन वापसी के दिन ही नतीजे घोषित कर दिए जाएंगे। अगर दो से अधिक उम्मीदवार चुनावी मैदान में आए तो फिर 16 मार्च को चुनाव करवाया जाएगा और इसी दिन नतीजे घोषित होंगे।

## हरियाणा विधानसभा का बजट सत्रः स्पीकर हरविंद्र कल्याण ने की अधिकारियों के साथ बैठक

# हरियाणा, यूटी व पंजाब की पुलिस चप्पे-चप्पे पर रहेगी तैनात

पंचकूला ऑजर्वर न्यूज़



**चंडीगढ़, 18 फरवरी।** हरियाणा विधानसभा के 20 फरवरी से शुरू होने वाले बजट सत्र को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने बुधवार को जहां पूरा दिन बैठकों का आयोजन किया वहीं राज्यपाल प्रो.असीम घोष से मुलाकात करके उन्हें सदन में अभिभाषण के लिए औपचारिक निमंत्रण भी दिया।

बुधवार को स्पीकर ने हरियाणा, पंजाब सीआईएसएफ और यूटी चंडीगढ़ के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर सुरक्षा प्रबंधों का जायजा लिया। शुक्रवार को अभिभाषण उपरान्त राज्यपाल महोदय के साथ सभी सदस्यों की सेरेमोनियल गेट पर सामूहिक फोटो भी होगी। चंडीगढ़ यूटी प्रशासन को इस बारे में कदम उठाने की जरूरत है। गुरुवार को भी सत्र को लेकर बैठकों का दौर जारी रहेगा। सुबह कार्य सलाहकार समिति की तथा शाम को समिति सभापतियों के साथ बैठकें होंगी।

हरियाणा, पंजाब और यूटी चंडीगढ़ के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए विस अध्यक्ष ने कहा कि सत्र के दौरान सभी व्यवस्थाएं समुचित ढंग से की जाए। उन्होंने सुरक्षा में तैनात होने वाले सुरक्षाकर्मियों के भोजन, जलपान तथा अन्य दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मीडिया कर्मियों की जांच एक बार से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। इसके साथ ही विस अध्यक्ष ने पत्रकार दीर्घा समेत सभी दीर्घाओं में अनुशासन और व्यवस्था बनाए रखने पर बल दिया। इन दीर्घाओं में न तो अनावश्यक आवाजाही होनी चाहिए न ही बातचीत करने की अनुमति हो।

हरियाणा और पंजाब विधान सभा के बजट सत्र की कुछ बैठकें समान दिनों में होने की स्थिति में अतिरिक्त प्रबंध करने के भी निर्देश दिए गए हैं। बैठक के दौरान विधान परिसर में वन्य जीवों के प्रवेश पर उन्होंने वन्य जीव विभाग से संपर्क कर कार्रवाई के निर्देश दिए।

बैठक में हरियाणा पुलिस महानिदेशक अजय सिंहल, एडीजीपी सीआईडी सौरभ सिंह, एडीजीपी (कानून व्यवस्था) संजय कुमार, आईजी सुरक्षा पंकज नैन, सीआईएसएफ के डिप्टी कमिश्नर नितिन कुमार, यूटी चंडीगढ़ की

## बजट सत्र के लिए इनेलो की तरफ से दिए गए 11 ध्यानाकर्षण प्रस्ताव

**चंडीगढ़।** हरियाणा विधानसभा में 20 फरवरी से शुरू होने वाले बजट सत्र के लिए सदन में इनेलो के विधायक दल के नेता आदित्य देवीलाल और विधायक अर्जुन चौटाला ने विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर जनहित से जुड़े 11 ध्यानाकर्षण प्रस्ताव दिए हैं। बुधवार को इनेलो कार्यालय की तरफ से जारी जानकारी के अनुसार एसवाईएल नहर निर्माण के लिए सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए आदेश पर कोई कार्रवाई न किए जाने बारे स्पष्टीकरण, प्रदेश में बढ़ते अपराध के कारण खराब हुई कानून व्यवस्था, प्रदेश के सरकारी स्कूलों में हजारों की संख्या में खाली पड़े शिक्षकों के पद बारे, प्रदेश में बेतहाशा बढ़ रहे नशे बारे, विश्वविद्यालयों में शैक्षणिक और गैर शैक्षणिक कर्मचारियों की भारी कमी बारे, एचटेट में परीक्षार्थियों से करीब 72 लाख रुपए की अतिरिक्त वसूली करने बारे, वृद्धावस्था सम्मान पेंशन बारे, चंडीगढ़ में विधानसभा भवन के लिए जगह अलॉट न करवा पाने बारे, श्रम मंत्रालय में हुए 1500 करोड़ रुपए के घोटाले पर अभी तक कोई कार्रवाई न करने बारे, वोकेशनल शिक्षा के लिए प्रशिक्षण संस्थानों में शिक्षकों की भारी कमी बारे, धान एवं बाजरा खरीद में हुए घोटाले पर कोई ठोस कार्रवाई न करने बारे ध्यानाकर्षण प्रस्ताव दिए हैं।

साथ ही विधायक आदित्य देवीलाल की तरफ से मुख्यमंत्री समेत स्वास्थ्य मंत्री, कृषि मंत्री, राजस्व मंत्री, सिंचाई मंत्री, उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री एवं आबकारी मंत्री से उनके विभागों से संबंधित 9 तारांकित एवं 2 अतारांकित प्रश्न भी पूछे गए हैं। इनेलो विधायक अर्जुन चौटाला की तरफ से भी मुख्यमंत्री, गृह मंत्री, कृषि मंत्री, शिक्षा मंत्री और स्वास्थ्य मंत्री से उनके विभागों से जुड़े अति महत्वपूर्ण 8 तारांकित और 2 अतारांकित प्रश्न पूछे गए हैं।

## ओम आयुर्वेदा ने किया विशेष सरप्राइज योजना का आयोजन

पंचकूला ऑजर्वर न्यूज़



**सफीदों, 18 फरवरी।** ओम आयुर्वेदा ने अपने सहयोगियों को सम्मानित करने के लिए एक विशेष सरप्राइज़ योजना आयोजित की। संस्थान की ओर से श्याम सिंह राणा एवं काला राणा, जो 'ठेकेदार' के नाम से भी जाने जाते हैं, को रैंडम रूप से फोन कर आमंत्रित किया गया। इस अवसर पर उन्हें एक यादगार सरप्राइज़ के रूप में मोटर बाइक भेंट की गई। संस्थान के अनुसार, यह सम्मान उनके लंबे समय से जुड़े सहयोग और समर्पण की सराहना स्वरूप प्रदान किया गया। ओम आयुर्वेदा का कहना है कि टीमवर्क और विश्वास ही उनकी सफलता की वास्तविक शक्ति है।

इसी के साथ, ओम आयुर्वेदा ने अपने मरीजों के लिए भी खुशखबरी की घोषणा की है। आगामी 3 मार्च, होली के पावन अवसर पर एक विशेष विथड्रॉ / ड्रा निकाला जाएगा। इनामों में एक बुलेट मोटरसाइकिल, दो स्कूटी, मोबाइल फ़ोन, टेलीविज़न तथा अनेक आकर्षक उपहार शामिल हैं। यह गिवअवे विशेष रूप से ओम आयुर्वेदा के पेशेंट्स के लिए रखा गया है, ताकि उनके विश्वास और जुड़ाव को उत्सव के रूप में मनाया जा सके। अतः यदि आप भी ओम आयुर्वेदा के पेशेंट हैं, तो संभव है अगला सरप्राइज़ आपके नाम हो!

## मुलाना में 21 से 27 फरवरी तक श्रीमद्भागवत कथा का भव्य आयोजन

पंचकूला ऑजर्वर न्यूज़

**मुलाना, 18 फरवरी।** मुलाना में आगामी 21 फरवरी से 27 फरवरी तक श्रीमद्भागवत कथा का भव्य आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन श्री कृष्ण दिव्य भारती आश्रम, मुलाना द्वारा ब्रह्मलीन श्री श्री 1008 श्री दिव्य भारती जी महाराज के प्रथम पुण्य स्मरण के उपलक्ष्य में किया जा रहा है।

कथा का वाचन श्री शंकराचार्य स्वामी ज्ञानानंद तीर्थ द्वारा किया जाएगा। वे अपनी अमृतमयी वाणी से भक्ति, ज्ञान एवं वैराग्य के गूढ़ विषयों पर श्रद्धालुओं को मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। कार्यक्रम की विशेष उपस्थिति में राधी पूर्णानंद जी महाराज भी पधारेंगे, जिससे आयोजन की गरिमा और अधिक बढ़ेगी। आयोजकों के अनुसार, श्रीमद्भागवत कथा प्रतिदिन 21 से 26 फरवरी तक दोपहर 3 बजे से सायं 6 बजे तक आयोजित होगी।

वहीं 27 फरवरी को प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक श्रद्धांजलि एवं भंडारे का आयोजन किया जाएगा। यह धार्मिक आयोजन शिव धाम गौरी ताल मंदिर, मुलाना स्थित श्री कृष्ण दिव्य भारती आश्रम परिसर में संपन्न होगा। आयोजन समिति ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्मलाभ प्राप्त करने की अपील की है।

## थमने का नाम नहीं ले रहा कलायत के खेतों में चोरियों का सिलसिला

### बीती रात चोरों द्वारा एक और चोरी को दिया गया था अंजाम

पंचकूला ऑजर्वर न्यूज़

**कलायत, 18 फरवरी।** कलायत क्षेत्र में खेतों में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। ताजा मामला सजूमा गांव के पास के खेतों में सामने आया। इसमें कलायत निवासी मोहित राणा के खेत से चोर हजारों रुपए का सामान ले गए।

मोहित ने बताया कि उसका खेत कलायत से सिरसा ब्रांच की तरफ जाने वाले कच्चे रास्ते पर है। रात्रि को चोरों ने उसके खेत को निशाना बनाया। चोर मोटर की लगभग 30 फीट लंबी केबल, लोहे की पाइप व दूसरा सामान ले गए। इसके साथ ही दूसरे किसान मोहित निवासी गांव सजूमा के खेत से 40 फीट तांबे की केबल, 10 फीट लोहे की पाइप व पाइपलाइन का अन्य सामान चोरी कर ले गए। चोरी गए सामान की कीमत हजारों में है। इस प्रकार बढ़ रही चोरियों को लेकर किसानों की बैठक हुई। उन्होंने बताया कि चोरी की घटनाओं के साथ जाते हुए चोर खेत में बने कमरों पर धमकी लिख जाते हैं। इसमें फिल्म अभी बाकी है फिर आएंगे का संदेश छोड़ते हुए महिलाओं के खिलाफ अपशब्द भी लिखे गए हैं। घटना से किसान और इनके परिवार दहशत में है। किसानों कहना है कि क्षेत्र में खेतों से मोटर, केबल और कृषि उपकरण चोरी होने की घटनाएं बढ़ रही हैं। इससे किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। उन्होंने चोरों की पहचान कर जल्द गिरफ्तार करने की मांग को लेकर पुलिस स्टेशन में फरियाद लगाई। प्रशासन से रात्रि गश्त बढ़ाने और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग की है।

**कार्यवाही में लगी पुलिसः** कलायत थाना प्रभारी बलबीर सिंह ने बताया कि शिकायत मिलते ही पुलिस जांच अधिकारी सुखदेव सिंह टीम के साथ कार्यवाही में लगे हैं। चोरों को काबू करने के लिए साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। उधर किसानों से ठिकरी पहरे का आग्रह भी किया जा रहा है। इससे पुलिस व किसानों की निगरानी बढ़ती है जिससे चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने में गति आती है।

## एसएलएससी ने दी 402 करोड़ रुपये से अधिक की सौर ऊर्जा आधारित सूक्ष्म सिंचाई परियोजनाओं को मंजूरी

# हरियाणा के 94 गांवों के लगभग 8,900 किसानों को मिलेगा लाभ

पंचकूला ऑजर्वर न्यूज़



**चंडीगढ़, 18 फरवरी।** सतत कृषि और वैज्ञानिक जल प्रबंधन को बढ़ावा देने के मकसद से राज्य स्तरीय स्वीकृति समिति (एसएलएससी) ने हरियाणा के मुख्य सचिव श्री अनुराग रस्तोगी की अध्यक्षता में सूक्ष्म सिंचाई एवं कमान एरिया विकास प्राधिकरण (मिकाडा) के अंतर्गत चार सामुदायिक सौर ऊर्जा आधारित एकीकृत सूक्ष्म सिंचाई परियोजनाओं को मंजूरी दी है।

कुल 402.41 करोड़ रुपये लागत की ये परियोजनाएं भिवानी, झज्जर, कुरुक्षेत्र और महेंद्रगढ़ जिलों के 20 ब्लॉकों में स्थित 61 नहरी आउटलेट्स पर लागू की जाएंगी। वर्ष 2026-27 से 2028-29 के बीच पूरी होने वाली इन परियोजनाओं से 11,040 हेक्टेयर कृषि योग्य कमांड एरिया आधुनिक सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली के अंतर्गत आ जाएगा तथा 94 गांवों के 8,926 किसानों को सीधा लाभ होगा।

जिला-वार स्वीकृत राशि में भिवानी के लिए 95.78 करोड़, झज्जर के लिए 114.68 करोड़, कुरुक्षेत्र के लिए 77.17 करोड़ तथा महेंद्रगढ़ के लिए 114.78 करोड़ रुपये शामिल हैं। परियोजनाओं का लाभ-लागत अनुपात 1.21:1 से 1.65:1 के बीच है, जो उनकी आर्थिक व्यवहार्यता और दीर्घकालिक लाभ को दर्शाता है। नहरी क्षेत्रों में ड्रिप और स्प्रिंकलर प्रणाली को बढ़ावा देकर, इन परियोजनाओं का लक्ष्य जल उपयोग दक्षता बढ़ाना, ट्रांसमिशन हानि कम करना और फसल उत्पादकता बढ़ाना है।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्य सचिव ने कहा कि जल की आपूर्ति और मांग का समन्वित प्रबंधन जलवायु परिवर्तन और गिरते भूजल स्तर की चुनौतियों से निपटने के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विभागों को परियोजनाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन, सख्त निगरानी और बेहतर समन्वय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि निर्धारित अवधि में किसानों तक इनका लाभ पहुंच सके। सौर ऊर्जा आधारित प्रणाली से परिचालन लागत में कमी आएगी और सिंचाई पर्यावरण के अनुकूल बनेगी। उन्होंने अधिकारियों को खेतों में जाकर किसानों के साथ श्रेष्ठ प्रथाओं को साझा करने के निर्देश भी दिए।

समिति ने पीडीएमसी (पर ड्रॉप मोर क्रॉप) दिशानिर्देश, 2025 के अनुसार निर्माता एवं आपूर्तिकर्ताओं के पंजीकरण सहित 16 व्यापक सुधार एजेंडों की समीक्षा कर उन्हें मंजूरी दी। 165 आवेदनों की गहन जांच के बाद 147 निर्माताओं एवं आपूर्तिकर्ताओं को वर्ष 2025-26 से 2029-30 तक पंजीकरण के लिए पात्र पाया गया। विक्रेताओं ने राज्य/पीडीएमसी मानकों के अनुरूप दरें निर्धारित करने पर सहमति व्यक्त की, जिससे किसानों को कीमतों के उतार-चढ़ाव से संरक्षण मिलेगा।

यह योजना लाभार्थी-आधारित प्रत्यक्ष लाभ अंतरण/इन-काइंड मॉडल के तहत जारी रहेगी। इससे किसान आपूर्तिकर्ता का चयन कर सकेंगे परंतु अनुदान स्वीकृत लागत सीमा के भीतर ही जारी किया जाएगा। पारदर्शिता बढ़ाने के लिए मिकाडा पोर्टल को जीएसटी पोर्टल से जोड़ा जाएगा, ताकि बिलों का डिजिटल सत्यापन हो सके और फर्जी या बढ़े हुए बिलों पर रोक लगे। विक्रेताओं के लिए वित्तीय जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए घटक-वार बैंक गारंटी व्यवस्था को भी मंजूरी दी गई है तथा नियमानुसार जीएसटी को अनुदान हिस्से के तौर पर शामिल किया गया है। गुणवत्ता आश्वासन तंत्र को भी मजबूत किया गया है। प्रयोगशाला परीक्षण रिपोर्टों की राज्य स्तर पर जांच, उल्लंघन पर कड़े दंड प्रावधान तथा प्रतिवर्ष कम से कम 20 प्रतिशत परियोजनाओं की स्वतंत्र निगरानी का प्रावधान किया गया है। क्लस्टर-आधारित क्रियान्वयन रणनीति और सार्वजनिक-निजी-सीएसआर मॉडल पर भी विचार किया गया, ताकि खास तौर पर अनुसूचित जाति, लघु एवं सीमांत किसानों को दीर्घकालिक रखरखाव सहयोग मिल सके। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2022-23 से 2024-25 के बीच मिकाडा ने 18 जिलों में नाबार्ड वित्तपोषित 99 माइक्रो सिंचाई फंड योजनाएं 563.43 करोड़ रुपये की लागत से सफलतापूर्वक लागू की हैं। सहायक अवसंरचना का कार्य पूरा किया जा चुका है और लक्षित क्षेत्र के लगभग 40 प्रतिशत भाग में सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली स्थापित की जा चुकी है।

बैठक में मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री अरुण कुमार गुप्ता, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री अनुराग अग्रवाल, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के प्रधान सचिव श्री पंकज अग्रवाल, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के महानिदेशक श्री राजनारायण कौशिक, मिकाडा के प्रशासक श्री बिरेंद्र सिंह, मिकाडा के मुख्य अभियंता श्री एस.डी. शर्मा, निदेशकङ्कएमआई (मिकाडा) श्री धूप सिंह सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।



# यह जिंदगी बदल देने वाली फिल्म, अनुराग कश्यप का फोन आने से हैरान थीं सनी

अभिनेत्री सनी लियोन जल्द ही अनुराग कश्यप की फिल्म 'कैनेडी' में नजर आएंगी। सनी लियोन इस फिल्म को अपने 15 साल के करियर में सबसे खास मानती हैं। साथ ही उनका कहना है कि उन्हें यकीन ही नहीं हुआ, जब अनुराग कश्यप ने इस फिल्म के लिए उन्हें कॉल किया था। 'कैनेडी' काफी वक्त से तैयार है और कई इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में इसे तारीफें भी मिल चुकी हैं। अब सनी लियोन ने फिल्म के अपने अनुभव के बारे में बात की।

### फिल्म को लेकर उत्साहित हैं सनी

इंडिया टुडे के साथ बातचीत के दौरान सनी लियोन ने फिल्म के लिए अपनी तैयारी और इस फिल्म की गंभीरता को लेकर बात की। उन्होंने कहा, 'मैं बेहद उत्साहित हूं। मैं वहां थोड़े समय के लिए ही थी, लेकिन उस दौरान इस फिल्म पर काम करना एक अद्भुत अनुभव रहा। इसमें जो मेहनत लगी है, इस फिल्म के लिए हम जितनी जगहों पर गए हैं और अलग-अलग जगहों, देशों, फिल्म समारोहों और यहां तक कि आम लोगों से भी जो प्रतिक्रिया मिली है, वह कमाल की है। सच में यह बहुत ही रोमांचक है। कैनेडी को आखिरकार एक घर मिल गया।' फिल्म में कम स्क्रीन टाइम को लेकर सनी ने कहा कि यह निश्चित रूप से किरदार के बारे में है। यह स्क्रीन टाइम के बारे में नहीं है। यह इस बारे में है कि फिल्म में वह समय कितना प्रभावशाली है। मुझे लगता है कि इसका हिस्सा बनना मेरे लिए बहुत ही अद्भुत अनुभव था। जब आप इसे देखते हैं, तो ऐसा नहीं लगता कि मैं वहां हूं और फिर गायब हो जाती हूं। यह अधिकांश बड़ी फिल्मों की तरह, केवल एक व्यक्ति पर आधारित नहीं है। इसमें कई अलग-अलग किरदार हैं।

### अनुराग कश्यप के साथ ऐसी थी पहली मुलाकात

अनुराग कश्यप के साथ अपनी पहली मुलाकात को याद करते हुए सनी लियोन ने कहा मैं चौंक गई थी। मैंने सोचा, 'आप मुझे फोन करना चाहते थे?' तो पहले उन्होंने डेनियल को फोन किया और डेनियल ने कहा, 'आप मुझसे क्यों पूछ रहे हैं भाई? आप सीधे सनी को फोन करके पूछ लीजिए।' तो जब उन्होंने फोन किया, तो दूसरी तरफ डेनियल ने कहा, 'हे भगवान, यह तो कमाल है।' और फिर उन्होंने फोन करके कहा कि वह चाहते हैं कि मैं इस रोल के लिए ऑडिशन दूं। मैं ऑडिशन के लिए तैयार थी, लेकिन मुझे इसके लिए गिड़गिड़ाना पड़ा क्योंकि वह बार-बार कह रहे थे, 'तुम्हें ऑडिशन की जरूरत नहीं है।' मैंने उनसे कहा, प्लीज। अगर अंग्रेजी में है तो मत भेजिए, लेकिन अगर हिंदी में है तो भेज दीजिए। कुछ शब्द मुश्किल हो सकते हैं। तो उन्होंने डायलॉग भेजे और मैंने उन्हें याद कर लिया। मुझे बिल्कुल भी अंदाजा नहीं था कि ऑफिस के ये सभी लोग मेरे साथ एक मजाक कर रहे थे। मुझे कान्स में डिनर के दौरान पता चला। वे कहने लगे, 'हां, हमने तुम्हारे साथ एक मज़ाक किया था। हम बस यह देखना चाहते थे कि तुम आओगी या नहीं।' मैंने कहा कि क्या आप सच कह रहे हैं? मैंने डायलॉग याद कर लिए थे। मैं बहुत घबराई हुई थी।

### चुनौतीपूर्ण था किरदार

अपने किरदार चार्ली को चुनौतीपूर्ण बताते हुए सनी का कहना है कि अनुराग को भरोसा था मैं कर लूंगी। लेकिन मुझे नहीं था। किरदार की सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक चार्ली की विशिष्ट हंसी को हूबहू नकल करना था। शुरू से ही वह इसे चाहते थे। लेकिन मैं सोच रही थी कि मैंने अपनी पूरी जिंदगी में कभी ऐसे नहीं हंसा। कौन ऐसे हंसता है? इसलिए मैं जहां भी जाती, चार्ली की तरह हंसने लगती थी। किरदार की तैयारी के लिए हमने डायलॉग्स की कोचिंग ली, स्क्रिप्ट रीडिंग और वर्कशॉप में भाग लिया। उन्होंने मेरी एक भी लाइन नहीं बदली, जो बहुत अच्छी बात थी। यह वाकई एक जिंदगी बदल देने वाली फिल्म है।


### 20 फरवरी को रिलीज होगी 'कैनेडी'

अनुराग कश्यप द्वारा निर्देशित 'कैनेडी' में सनी लियोन के साथ राहुल भट्ट प्रमुख भूमिका में नजर आएंगे। कई इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल्स में सराहना बटोरने के बाद अब यह फिल्म भारत में 20 फरवरी को ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर रिलीज हो रही है।



# 30 अप्रैल को थिएटर्स में आएगी राम चरण की आने वाली फिल्म 'पेद्दी'

साउथ सुपरस्टार राम चरण इन दिनों निजी और प्रोफेशनल दोनों वजहों से चर्चा में हैं। हाल ही में वह जुड़वां बच्चों एक बेटे और एक बेटी के पिता बने हैं। पिछले महीने उनकी पत्नी उपासना ने बच्चों को जन्म दिया था। उनकी आगामी फिल्म 'पेद्दी' की रिलीज डेट का ऐलान कर दिया गया है। जब से फिल्म 'पेद्दी' का ऐलान हुआ है, तब से यह सोशल मीडिया पर लगातार चर्चा में बनी हुई है। अब मेकर्स ने एक नया पोस्टर जारी करते हुए फिल्म की रिलीज डेट भी बता दी है। 'पेद्दी' 30 अप्रैल 2026 को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। नए पोस्टर में राम बेहद दमदार अंदाज में नजर आ रहे हैं। वह लंबे बाल, बड़ी दाढ़ी, खून से सना चेहरा और धूल में लिपटे रफ-टफ अवतार में दिखाई दे रहे हैं। भीड़ के बीच खड़े राम चरण की मौजूदगी एक ताकतवर और मास अपील वाले किरदार की ओर इशारा करती है। पोस्टर के साथ मेकर्स ने लिखा... 'उसके आने की तारीख बदल सकती है, लेकिन उसकी ताकत और जज्बा नहीं।' बुची बाबू सना के निर्देशन में बन रही 'पेद्दी' को एक बड़ी पैन इंडिया फिल्म माना जा रहा है। फिल्म में राम के साथ जाह्नवी कपूर भी लीड रोल में दिखाई देंगी। इसके अलावा जगपति बाबू, शिवा राजकुमार और दिव्येंदु शर्मा भी अहम किरदारों में नजर आएंगे।





# ट्रोल होने पर क्या करती हैं तृप्ति डिमरी? खुद की जिंदगी से जोड़ी 'ओ रोमियो' की कहानी

तृप्ति डिमरी इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'ओ रोमियो' को लेकर चर्चा में हैं। यह फिल्म 'वैलेंटाइन डे' से एक दिन पहले 13 फरवरी को रिलीज होने वाली है। फिल्म में तृप्ति डिमरी अफशा का किरदार निभाएंगी। इसमें उनके साथ शाहिद कपूर अहम किरदार में हैं। हाल ही में अभिनेत्री ने अमर उजाला से खास बातचीत की है। उन्होंने बताया है कि वह ट्रोल होने पर कैसा महसूस करती हैं।

### ट्रोल होने पर कैसा महसूस करती हैं तृप्ति?

तृप्ति डिमरी से जब पूछा गया कि जब कोई उन्हें ट्रोल करता है, तो उन्हें कैसा लगता है? इस पर उन्होंने कहा 'मैं रोती हूं। इंसान हूं, इसलिए कभी-कभी बहुत रोती भी हूं। लेकिन अगर कोई मेरी फिल्म या मेरे काम को लेकर आलोचना करे, तो मैं उस पर नहीं रोती। मैं इसे ऐसे लेती हूं कि किसी को मेरा काम पसंद आएगा, किसी को नहीं। सबको खुश करना संभव नहीं है।'

### पर्सनल कमेंट लगते हैं बुरे

उन्होंने आगे कहा 'हां, अगर कोई पर्सनल कमेंट कर दे, तो वह बात मुझे बुरी लगती है। बिलकुल अच्छा नहीं लगता। लेकिन फिर भी, मैं उस पर रोती नहीं हूं। मुझे कोई इतनी आसानी से रुला नहीं सकता।'

### प्यार पर क्या बोलीं तृप्ति?

तृप्ति डिमरी ने प्यार पर अपनी बात रखते हुए कहा 'अगर मैं खुद को फिल्म की लव स्टोरी में रखूं, तो जिस बात से मैं सबसे ज्यादा जुड़ पाती हूं, वह है इस कहानी में मौजूद प्यार की सच्चाई। मुझे हमेशा लगता है कि प्यार ऐसा ही होना चाहिए। सीधा, साफ और बिल्कुल पवित्र। यही चीज इस कहानी में भी है। यही बात मेरी अपनी रियल लाइफ से भी सबसे ज्यादा मिलती है।

### कौन है फिल्म का निर्देशक?

फिल्म 'ओ रोमियो' एक्शन थ्रिलर फिल्म है। इसके लेखक और निर्देशक विशाल भारद्वाज हैं। इसके निर्माता साजिद नाडियाडवाला हैं। फिल्म में तृप्ति और शाहिद के अलावा नाना पाटेकर, अविनाश तिवारी, तमन्ना भाटिया, दिशा पाटनी और फरीदा जलाल भी होंगी।

# नाम बदलने के फैसले के बाद 'घूसखोर पंडित' विवाद पर मनोज बाजपेयी ने दी प्रतिक्रिया



नेटफ्लिक्स पर आने वाली मनोज बाजपेयी की आगामी फिल्म 'घूसखोर पंडित' अपनी घोषणा के बाद से ही विवादों में घिरी है। फिल्म के नाम को लेकर ब्राह्मण समुदाय और एफडब्ल्यूआईसीई ने आपत्ति जताई और रिलीज पर रोक लगाने की मांग की थी। जब मामला कोर्ट में पहुंचा तब मेकर्स ने फिल्म का नाम बदलने का फैसला किया। अब इस पूरे मामले में मनोज बाजपेयी की प्रतिक्रिया भी सामने आई है।

### हम छोटी-छोटी बातों पर भड़क उठते हैं

डेक्कन क्रॉनिकल से बात करते हुए फिल्म के लीड एक्टर मनोज बाजपेयी ने विवाद पर अपनी राय रखी। उन्होंने कहा, 'हमारा देश बहुत संवेदनशील हो गया है। हम हमेशा तनाव में रहते हैं, छोटी-छोटी बातों पर भड़क उठते हैं और व्यक्तिगत रूप से अपशब्दों का प्रयोग करने लगते हैं। अब फिल्म के शीर्षक में इन सभी बातों का ध्यान रखा जा रहा है।'

### मेकर्स ने लिया फिल्म का नाम बदलने का फैसला

इससे पहले नेटफ्लिक्स पर फिल्म की घोषणा के बाद से ही इसको लेकर विवाद शुरू हो गया था। देश के अलग-अलग हिस्सों में ब्राह्मण समुदाय के लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया। वहीं कोर्ट में भी फिल्म के टाइटल को लेकर इसे भड़काऊ और ब्राह्मणों का अपमान करने वाला बताते हुए याचिका दायर की गई। इसमें फिल्म की रिलीज पर रोक लगाने की बात कही गई। हालांकि, बीते दिन दिल्ली हाईकोर्ट में हुई सुनवाई में ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स ने कोर्ट को बताया कि मेकर्स फिल्म के नाम में बदलाव करने को तैयार हैं। मेकर्स की ओर से आश्वस्त किया गया कि प्रमोशनल सामग्री पहले ही हटा ली गई है और फिल्म का नाम भी बदल दिया जाएगा। हालांकि, अभी तक फिल्म के नए नाम की घोषणा नहीं की गई है।

**नीरज पांडे ने किया है निर्माण** | नीरज पांडे द्वारा निर्मित 'घूसखोर पंडित' में मनोज बाजपेयी प्रमुख भूमिका में नजर आएंगे। इसके अलावा फिल्म में नुसरत भरूचा, साकिब सलीम, श्रद्धा दास, अक्षय ओबेरॉय और कीकू शारदा भी अहम भूमिकाओं में दिखाई देंगे।




# गोलमाल 5 में हुई करीना की वापसी

रोहित शेट्टी की सुपरहिट कॉमेडी फ्रेंचाइज 'गोलमाल 5' को लेकर एक बड़ा अपडेट सामने आया है। फिल्म में करीना कपूर की वापसी तय हो चुकी है और वह एक बार फिर अजय देवगन के साथ स्क्रीन शेयर करती नजर आएंगी। इसके साथ ही रोहित शेट्टी ने फिल्म में अक्षय कुमार को शामिल कर दिया है। अजय, अक्षय और करीना जैसे बड़े सितारों की मौजूदगी ने 'गोलमाल 5' को अब तक की सबसे बड़ी और दमदार टीम वाली फिल्म बना दिया है। फिल्म से जुड़े सूत्रों के मुताबिक... 'करीना की कास्टिंग में थोड़ा वक्त लगा। इसकी वजह डेट्स और कुछ अन्य मुद्दों पर बातचीत थी।'

### फिल्म में अजय का ही रहेगा अहम किरदार

'गोलमाल' फ्रेंचाइज के अब तक आए चारों पार्ट हिट साबित हुए हैं। अब अक्षय की एंट्री और करीना की वापसी ने इस उत्साह को और भी बढ़ा दिया है। फिल्म इंडस्ट्री के जानकारों का कहना है कि इतने बड़े सितारों को एक साथ लाना आसान नहीं होता। फिल्म में अजय का ही किरदार अहम रहेगा।



# इस फिल्म में विलेन बनना चाहते हैं विशाल जेठवा

## रानी मुखर्जी के साथ काम करने की जताई इच्छा

विशाल जेठवा ने 'होमबाउंड' और 'मर्दानी 2' में शानदार अभिनय किया था। उनकी फिल्म 'होमबाउंड' तो ऑस्कर 2026 में बेस्ट इंटरनेशनल फीचर फिल्म कैटिगरी में भी शॉर्टलिस्ट की गई थी। इस फिल्म में भी विशाल की एक्टिंग को फैंस ने काफी सराहा था। वहीं उन्होंने 'मर्दानी 2' में विलेन का रोल निभाया था। अब एक बार फिर विशाल विलेन का रोल निभाना चाहते हैं ।

### विशाल ने की रानी मुखर्जी की जमकर तारीफ

हाल ही में विशाल जेठवा 'मर्दानी 3' की स्पेशल स्क्रीनिंग में रानी मुखर्जी से दोबारा मिले। 'मर्दानी 3' में रानी की एक्टिंग की तारीफ करते हुए विशाल ने कहा, 'मर्दानी 2' फिल्म मेरे लिए हमेशा बहुत खास रहेगी और रानी मैम भी। उनके साथ काम करना मेरी जिंदगी का सबसे बड़ा सीखने वाला अनुभव रहा है। वह ईमानदारी, मजबूती और बेहद सादगी के साथ लीड करती हैं। स्क्रीनिंग के दौरान उनसे मिलकर पुरानी यादें ताजा हो गईं। मुझे 'मर्दानी 2' का हिस्सा बनने पर बहुत गर्व महसूस होता है।'

### 'मर्दानी 4' में विलेन बनने की जताई इच्छा

'मर्दानी' फ्रेंचाइज और रानी की तारीफ करते हुए विशाल ने आगे कहा कि 'मर्दानी' और रानी मुखर्जी एक-दूसरे से अलग नहीं हैं। शिवानी शिवाजी रॉय के किरदार को रानी मैम से बेहतर कोई निभा ही नहीं सकता था। मैंने 'मर्दानी 3' देखी और एक बार फिर उन्होंने साबित कर दिया कि वे रानी मुखर्जी क्यों हैं। मैं चाहता हूं कि 'मर्दानी 4' में मैं विलेन बनकर वापसी करूं।'

## शिवानी शिवाजी रॉय के किरदार में वापस आई रानी

अभिराज मीनावाला द्वारा निर्देशित 'मर्दानी 3' मर्दानी फ्रैंचाइज की तीसरी फिल्म है। इस फिल्म में जानकी बोडीवाला और मल्लिका प्रसाद भी अहम भूमिकाओं में हैं। फिल्म में रानी मुखर्जी एक बार फिर शिवानी शिवाजी रॉय के किरदार में नजर आई हैं। मल्लिका प्रसाद फिल्म में अम्मा के किरदार में नजर आई हैं। फिल्म लड़कियों की तस्करी जैसे गंभीर मुद्दे पर आधारित है।



प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी : श्री शिवम ग्रोवर, मुद्रक : इंप्रेशन प्रिंटिंग प्रेस एंड पैकेजिंग लिमिटेड, भूतल प्लांट नं.-22, प्रथम तल, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-2, पंचकूला में मुद्रित। प्रकाशन स्थल : पंचकूला ऑब्जर्वर, प्लॉट नं.-365, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-1, पंचकूला। मुख्य संपादक : श्री अरुण ग्रोवर, समाचार चयन एवं प्रकाशन की समस्त जिम्मेदारी प्रेस एवं रजिस्ट्रेशन ऑफ पीरियोडिकल्स (PRP) एक्ट के अंतर्गत पंचकूला न्यायालय क्षेत्राधिकार में निहित होगी। RNI पंजीकरण संख्या : HRB/L/25/A3417 संपर्क मोबाइल : 98888-86909, ई-मेल : panchkulaobservernews@gmail.com